Process Safety Beacon
उत्पादन क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए संदेश
www.aiche.org/ccps/process-safety-beacon

An AIChE Technology Alliance
CCPS
Center for Chemical Process Safety
aiche.org/ccps

इस अंक के प्रायोजक है
DEKRA
www.dekra.us/process-safety

क्या आप तैयार है ??

सितंबर 2024

चित्र 1. एक योद्धा लड़ाई के लिए तैयार होते हुये

चित्र 2. एक कर्मचारी पाली (शिफ्ट) में कार्य शुरू करने से पहले

हमने 15 वी शताब्दी के चित्रपटों में योद्धाओ को युद्ध के लिए तैयार होते हुए देखा है । वे हथियारो को पैना करते है , अपने कवचो का परीक्षण करते है और सिर के कवच (हेलमेट) पहनते है और हथियार बंद होते है । उनके अग्रणी आने वाले खतरो के बारे में और उनके समाधान के लिए बताते है, उनको योजनाए समझाते है और वे युद्ध की शुरुआत से पहले सभी स्थानो पर जाते है । कुछ चित्र पट सैनिको को यह सोचते हुये दर्शाते है कि कहाँ पर संभावित घायल हो सकते है या उस से भी अत्यंत बुरा क्या हो सकता है । वे दिन में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है ।

क्या आप अपने दिन की शुरुआत के लिए तैयार है ? शिफ्ट (shift) के प्रारम्भ होने से पहले , कर्मचारी अपने पीपीई- जैसे कि सुरक्षा चश्मे , अग्निरोधक कपड़े और हेलमेट आदि पहनते है । एक मीटर या व्यक्तिगत गैस मापक का आंशिकरण (कैलिब्रेशन) करना भी आवश्यक हो सकता है । संयंत्र के अग्रणी उत्पादन की सारणी और निरीक्षण के कार्यो के बारे में बताते है और पाली कर्तव्य परिवर्तन के समय/दौरान और शिफ्ट सभा से पहले वे कर्मचारियो को भी सूचित करते है ।

प्रोसेस और उपकरणो से होने वाले खतरे हमारे लिए शत्रु के समान है और उनको सीमा के भीतर रखना ही हमारे लिए संघर्ष है । प्रति दिन जब हम संयंत्र को देखने जाते है , निरीक्षण और दोषयुक्त यंत्रो और उपकरणो की मुरम्मत या उनके विफल होते देखते है । क्या हम भी योद्धाओ की तरह अपने कार्यो को गंभीरता से लेते है ? जब आप पीपीई पहनते है , क्या आप उन खतरो के बारे में सोचते है , जो आज घटित हो सकते है ?

क्या आप जानते है ?

- प्रति दिन सुरक्षित रहना और सफलतापूर्वक दिन का कार्य करने के लिए दिन की योजना बनाना बहुत महत्वपूर्ण है ।
- प्रभावशाली शिफ्ट टर्नओवर(turnover) में जो शिफ्ट कार्य समापन के बाद छोड़ रहे है और शिफ्ट में आने वाले व्यक्तियों के मध्य आमने सामने वार्तालाप होना चाहिए ।
- अच्छी शिफ्ट टर्नओवर में निम्न सम्मिलित होना चाहिए : -
  - ❑ प्रत्येक प्रोसेस की स्थिति
  - ❑ किसी तरह की रुकावट या समस्या
  - ❑ उपकरण जो अनुरक्षण के कारण उपलब्ध नहीं है
  - ❑ कोई उपकरण या नियंत्रण जो उपयोग में नहीं है
  - ❑ कार्य का विवरण जो ठेकेदार के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है
  - ❑ अनुमति कार्य जो, अगली पाली (shift) में भी चालू रहेगे
  - ❑ अन्य संयंत्र से आने वाले कर्मी या आगंतुक
  - ❑ इकाई लॉगबुक का अवलोकन

❑ स्थिति की सही जानकारी के लिए संयंत्र में जाना आवश्यक हो सकता है।

❑ शिफ्ट टर्नओवर के दौरान कुछ कंपनिया सभी विषयो की जानकारी के लिए जांच सूची का भी प्रयोग करती है।

आप क्या कर सकते है ?

- नियंत्रण कक्ष में या शिफ्ट टर्नओवर क्षेत्र में समय पर आना आवश्यक है ताकि सभी विषयो पर विस्तार से बात हो सके ।
- लॉगबुक को सावधानी से पढे । अपने क्षेत्र में , बिना कारण विषयो पर चर्चा न करे , और पूर्ण क्षेत्र में स्थिति को समझे ।
- शिफ्ट टर्नओवर का दौरान सभी समस्याओ को समझने के लिए फार्म और प्रक्रियाओ का पालन करे ।
- वर्तमान स्थिति की जानकारी और समझ के लिए प्रश्न पुछे।
- शिफ्ट टर्नओवर सभाओ में सक्रिय रूप से भाग ले । सुने जैसे कि आप का जीवन इस पर निर्भर करता है – हो भी सकता है ।
- अगली शिफ्ट के लिए यदि अनुमति पत्र दोबारा से लाइक जाने है , अनुमति पत्र लिखने से या अनुमोदित करने से पूर्व , आप क्षेत्र की जांच के लिए अपना समय लें । स्थिति में बदलाव हो सकता है ।

आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए दिन की शुरुआत करे !

©AIChE 2024. All rights reserved. Reproduction for non-commercial, educational purposes is encouraged. However, reproduction for any commercial purpose without express written consent of AIChE is strictly prohibited. Contact us at ccps_beacon@aiche.org or +1 646-495-1371.

This has been translated into Hindi by Vivek Ranjan Gupta , MUMBAI (India)